पंजाब केसरी 19/03/2024

इंटर स्टेट शब्द गायन प्रतियोगिता में जी.एम.एन. कालेज के गुरजोत सिंह ने हासिल किया प्रथम स्थान

अम्बाला, 18 मार्च (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज, अंबाला छावनी के बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र गुरजोत सिंह ने शब्द गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर कालेज और विभाग को गौरवान्वित किया है।

संगीत विभागाध्यक्ष डा. मंजीत कौर ने बताया कि गुरु नानक गर्ल्स कालेज, संतपुरा यमुनानगर में इंटर स्टेट शब्द गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थी गुरजोत सिंह ने प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

कालेज में पहुंचने पर विजेता छात्र को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य। (चंद्रमोहन)

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेता प्रतिभागी का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने संगीत विभागाध्यक्ष डा. मनजीत कौर को इस शानदार उपलब्धि पर सराहना की। प्रतियोगिता में तबले पर संगत प्रोफैसर तरणबीर सिंह ने की। संगीत विभाग के अन्य प्राध्यापकों ने विजेता प्रतिभागी कहा कि भविष्य में हमारे विद्यार्थी और अधिक कीर्तिमान स्थापित करेंगे।